उल्लुगातीर. न० (उल्लुकातीर) ઉલ્લુગા નામનો નદીના કાંઠે આવેલું એક નગર કે જેમાં ગંગાચાર્ય નામના નિન્હવ થયા. उल्लुगा नामक नदी के तट पर स्थित एक नगर जिसमें कि गंगाचार्य नामक निन्हव हुए थे. Name of a town on a bank of the river Ullugā. It was the native place of the Ninhava Gaṅgāchārya. ठा० ७,१;

उल्लुयातीर. न० (उल्लुकातीर) જુઓ ઉપલો શબ્દ. देखो ऊपर का शब्द. Vide above. "तेणं कालेणं तेणं समएणं उल्लुयातीरेणामं णयरे होत्था" भग० १६, ३;

उल्लेऊण. सं० कृ० अ० (आर्द्रीकृत्य) ભીનું કરીને. गीला-आर्द्र करके. Having made wet. विशे० १४५५;

उल्लोइय अ. न० (उल्लोचित) ખડી માટી વગેરેથી ભીંત વગેરેનું લેપન કરવું તે. मिट्टी वगैरह से दीवाल वगैरह का पोतना. Besmearing or bedaubing a wall etc. with earth cowdung etc. "लाइ उल्लोइय महियं" नाया० १; जं० प० पन्न० २; भग १२, ८; सम० ओव० (२) ચન્દરવો બાંધેલ; ઉલ્લોચથી શણગારેલ. जहां चन्दरवा बांधा है वह स्थान. having a cloth-ceiling fastened above. ओव० २६. जीवा० ३. ४;

उल्लोच. पुं० (उल्लोच) જુઓ ઉલ્લોચ. जुत. A cloth ceiling. सू० प० २०;

उल्लोय. पुं० (उल्लोच) જુઓ ચંદરવો; ઉલ્લોચ. जुत; चंदरवा. A cloth-ceiling. राय० ३; १०७; जीवा० ३; भग० ११, ११; १६, ६; कप्प० ३, ३२; जीवा० १; राय० जं० प० ४. ८८; भग० ११, ११; (२) त्रि० જોવા યોગ્ય; દર્શનીય. देखने लायक. (a sight) worth being seen. नाया० १; ८; भग० ११, ११; १४, ६;
—तल. पुं० (-तल) ઘરનો ઉપરનો ભાગ. घर का ऊपरी भाग the upper part of a house नाया० १; —भूमि स्त्री० (-भूमि) પ્રાસાદ-મહેલની ઉપરની ભૂમિ. महल के ऊपर की भूमि. The upper part or upper floor of a palace. भग० २, ८; —वराणग. पुं० (-वर्णक) મહેલના ઉપરના ભાગના વર્ણન. महल के ऊपरी भाग का वर्णन. a description of the upper part of a palace. भग० २, ८;

उल्लोयमेत्त. न० (उल्लोकमात्र) જોતાંવેત; નિમેષમાત્ર. निमेष मात्र. At a mere glance; a mere glance. भग० १५, १;

उव. अ० (उप) સમીપ-પાસેના અર્થમાં. नजदीक के अर्थ में. Near; in the vicinity. " **उवदंसिया भगवया पवयणवया** " पन्न० १: २; (२) સમસ્તપણું; સમગ્રપણું. समस्तपन; संपूर्णता. an indec. used to show " entirety." राय०

√**उव-अति-ने.** धा० II. (उप+अति+नी) ગ્રહણ કરવું; સ્વીકારવો. ग्रहण करना; मंजूर करना. To accept; to take. (२) પ્રવેશ કરવો. प्रवेश करना. to enter. (३) વ્યતીત થવું. व्यतीत होना. to elapse; to be spent

उवाइणित्तए हे० कृ० ग्रा० ३, ४: विवा० ६; दसा० ७: १;

उवाइणित्ता. आया० २, २, २. ७८;

उवाइणावेइ निसी० २, ५०; १२, ३६;

उवायणावेति. निसी० १०, ४६; वेय० ३, ३०;

उवाय-इ-णावित्तए. हे० कृ० वेय० ३, ३०; ४, ११: १२: दसा० ७, १: नाया० १२; कप्प० ६, ५७; ६५;

उवायणावित्ता. सं० कृ० भग० ७. १;

उवाइणावंत. व० कृ० वेय० ३, ३०:

√**उव-अय.** धा० I. (उप+अय) યાચવું; માગણી કરવી. प्रार्थना करना; मांगना To beg; to pray for; to solicit.

उवाइत्तए. हे० कृ० नाया० २;

√**उव-आगच्छ.** धा० I. (उप + आ + गम्) પાસે આવવું; સન્મુખ જવું. समीप आना; सन्मुख जाना. To go near; to approach.

उवागच्छइ. ओव० ११; राय० ३६, ६७: भग० १, १; ६; २, १; नाया० १; १२; १६; उवा० १, ५८; ७८; ८६;

उवागच्छंति. भग० २, ५; ५, ४; ७, ६; जं० प० २, ३३; ४, ११२; ५, ११३;

उवागच्छामि भग० ३, २: १५, १; नाया० ८;

उवागच्छामो. नाया० १६;

उवागच्छेज्जा. दसा० ७, १;

उवागच्छित्ता. सं० कृ० भग० १, १: ८, ७; ओव० २७; जं० प० ४, ११४; ५, ११७: नाया० १; २; ५; ८; ६; १२; १४; १६: भग० २, १; ५; ३, १; ७, ६; ६, ४;

√**उव-आ-लभ.** धा० I. (उप + आ+लभ्) ઠપકો દેવો. ठपका देना; उपालंभ देना: उलाहना देना. To rebuke; to reproach.

उवालंभति. नाया० १६;

उवालंभित्ता. सं० कृ० राय०१६७:

√**उव-आस.** धा० I, II. (उप+आस) ઉપાસના કરવી; સેવા કરવી. उपासना करना; सेवा करना. To worship; to serve; to wait upon.

उवासेज्जा. सूय० १, ६, ३३;

√**उव-इ.** धा० I. (उप+इण्) પ્રાપ્ત કરવું; મેળવવું. प्राप्त करना. To get; to obtain; to acquire.

उवेइ. उत्त० ३२, ११: ओव० ४०; अणुजो० १४६; भग० ६, ३३; १३, ६; नाया० १६; सूय० २. ६, १६: दस० १०, १, २१; विशे० १५६;

उवेति नाया० २: भग० १३, ६: १४, ८: विशे० १५६;

उविंति. ओव० ३४; सूय० १, २, २, १६;

उवंति. दस० ६, ६६; विशे० १२७६;

उवेहि. नाया० १६;

उवेह. उत्त० १२, २८;

उवेत्ता. सं० कृ० भग० ६, ३३:

उविंत. व० कृ० सूय० १, ५, १, ६:

√**उव-इक्ख.** धा० I, II. (उप+ईक्ष्) ઉપેક્ષા કરવી; બેદરકારી રાખવી. उपेक्षा

करना; परवाह न करना; To neglect; to be indifferent to.

उवेहइ. दसा० ५, ४२; सूय० १, ३, ३, २; आया० १, ६, ३, १६३;

उवेहे. वि० उत्त० १, ११;

उवेहमाण. आया० १, ३, १, १०६; १, ४, ४, १४०; भग० ३, १;

उवइट्ठ. त्रि० (उपदिष्ट) ઉપદેશેલું; બોધેલું. उपदेशित; बोध दिया हुआ. Preached; taught; advised. उत्त० २८, १८; विशे० ३२१४; ओघ० नि० ४८३; क० प० ५, ७४; प्रव० ६६६;

उवइय. त्रि० (उपचित) યુક્ત. सहित. Possessed of; united with. नाया० ४६; (२) ઉન્નત. उन्नत. raised; exalted. ओव० (३) માંસલ; પુષ્ટ. मांसयुक्त; पुष्ट. fleshy. पराह० १, ४; (४) पुं० એક જાતનો તેઇંદ્રિય જીવ કે જે જમીનમાં ઘર કરી રહે છે. एक प्रकार का तेइंद्रिय जीव जो कि जमीन में घर करके रहता है. a kind of three-sensed living being nestling in burrows. जीवा० १ पन्न० १;

√उवउंज धा० I. (उव+युज) ઉપયોગ કરવો. उपयोग करना. To make use of; to be attentive.

उवउजइ विशे० ४८१.

उवउंजिऊण. सं० कृ० नाया० ८, १; २०, १; १२; २०;

उवउत्त. त्रि० (उपयुक्त) ઉપયોગ સહિત. उपयोग सहित Attentive. (२) સાવધાન; સાવચેત મચેત; ध्यानपूर्वक. careful. cautious. क० ८; अनु० ७७६; पन्ना० १, ०; १६, ४; भत्त० ६० नाया० ६०; उत्त० २४ ४; पन्न० २; नंदी ४७; अणुजो० २३; पिं० नि० २२२; ओघ० नि० ५१५; भग० ५१४; ८, २; १८, ३;

उवउत्तया. स्त्री० (उपयुक्तता) ઉપયોગ; સાવચેતી. उपयोग; सावधानी. Cautiousness; attentiveness. उत्त० २४, ६;

उवएस. पुं० (उपदेश) ઉપદેશ; બોધ; શિખામણ. उपदेश; ज्ञान; हित की शिक्षा. Advice; teaching; ओव० २०; ३०; ४०; अणुजो० ४२; पिं० नि० भा० ५१; सू० च० ४, १०; नाया० १; ७; भग० २, १; ७, ६६; उवा० ७, २१६; पंचा० १, २३; गच्छा० ८४; प्रव० १; गच्छा० ११३; —रुइ. पुं० (-रुचि) ગુરૂનો ઉપદેશ સાંભળી જાગૃત થયેલ તત્વરુચિ; રુચિ-સમકિતનો એક પ્રકાર. गुरु का उपदेश सुनकर जो तत्त्वरुचि जागृत हुई हो वह; रुचि सम्यक्त्व का एक भेद. liking for right knowledge etc. excited by hearing the sermon of a Guru; a variety of liking for Samakita. "छउमत्थेण जिणेण व उवएस रुइत्ति नायव्वा" प्रव० ६६४; उत्त० २८, १६; ठा० १०; (२) त्रि० तेवी રુચિવાળો. ऐसी रुचि वाला. a person possessed of the above kind of liking. उत्त० २८, १६; —लद्ध. त्रि० (-लब्ध) ઉપદેશ પામેલ. उपदेश पाया हुआ. (one) who has received and accepted religious instructions. "इय उवएसलद्धा इयाविगयाणं पत्ता" उवा० ७, २१९;

उवएसग. त्रि० (उपदेशक) ઉપદેશ-બોધ-કરનાર. उपदेश करने वाला. A religious instructor; a religious preacher; an adviser. सूय० १, १, ४, १;

उवएसण. न० (उपदेशन) ઉપદેશ; બોધ.

उपदेश; ज्ञान; बोध. Advice; teaching. "तहियाणं तु भावाणं संभावे उवएसणं" उत्त० २८, १५; (२) ઉપદેશ આપવો તે; બીજાને કોઇ કાર્યમાં પ્રવર્તાવવું તે. उपदेश देना; दूसरे को किसी कार्य में प्रवृत्त करना. teaching; advising; exhorting. "विइया उवएसणे" ठा० ७, अणुजो० १२६;

उवएसय. पुं० (उपदेशक) ઉપદેશ કરનાર. उपदेश करने वाला. An adviser; a preacher. पंचा० १, १२;

उवओग. पुं० (उपयोग=उपयोजनमुपयोगः, उपयुज्यते वस्तुपरिच्छेदं प्रतिव्यापार्यते जीवोऽनेनेत्युपयोगः) વસ્તુ પરિચ્છેદ કરનાર જીવનો જ્ઞાન દર્શનમય વ્યાપાર; ચૈતન્ય શક્તિ. वस्तु परिच्छेद करने वाला जीवका ज्ञान दर्शन मय व्यापार; चैतन्य शक्ति. The power of consciousness used by the soul in dealing with an object. भग० १, ५; २, १; ६, ३; ७, ५; १३, ४; १६, ६; २४, १; पन्न० २८; जीवा० १; विशे० ५४७; ८८०; पिं० नि० ११५; प्रव० ५१; क० गं० ४, २; पंचा० ४, १६; (२) સાવધાનપણું; સાવચેતી सावधानी. attentiveness; cautiousness; carefulness. ओव० २१; (३) પન્નવણા સૂત્રના ૧૯ માં પદનું નામ. पन्नवणा सूत्र के १९ वें पदका नाम. name of the 19th Pada of Pannavaṇā Sūtra. पन्न० १; (४) પન્નવણા સૂત્રના ત્રીજા પદના ૧૩ માં દ્વારનું નામ. पन्नवणा सूत्र के तीसरे पद के १३ वें द्वार का नाम name of the 13th Dwāra of the 3rd Pada of Pannavaṇā Sūtra. पन्न० ३; (५) ફાયદો; લાભ. फायदा; लाभ. gain; advantage. सु० च० ४, १६३; —आत. पुं० (-आत्मन्) ઉપયોગરૂપ આત્મા. उपयोगरूप आत्मा. soul in its aspect of consciousness. भग० १२, १०; —गुण. पुं० (-गुण—उपयोगः साकारानाकार चैतन्यं गुणो धर्मो यस्य स तथा) ચૈતન્યધર્મવાળો જીવ. चैतन्य धर्मवाला जीव. soul possessed of the power of consciousness. "जीवे सासए गुणओ उवओग गुणे" ठा०५; —जुय. त्रि० (-युत) ઉપયોગવાળો. उपयोग वाला. possessed of attentiveness or carefulness. "तं पुणं संविग्गणं उवओग जुएणं तिव्व सद्धाए" पंचा० १६; —ट्ठया. स्त्री० (-अर्थता) ઉપયોગની અપેક્ષા. उपयोग की अपेक्षा. desire or wish for attentiveness or carefulness. नाया० ५; —णिव्वत्ति. स्त्री० (-निर्वृत्ति) ઉપયોગની ઉત્પત્તિ उपयोगकी उत्पत्ति. birth or rise of attentiveness or power of consciousness. भग० १६, ८; —पद. न० (-पद) પન્નવણા-પ્રજ્ઞાપના સૂત્રના ૨૯ મા પદનું નામ. प्रज्ञापना सूत्र के २९वें पदका नाम. name of the 29th Pada of Pannavaṇā Sūtra. भग० १६, ७; —परिणाम. पुं० (-परिणाम -उपयोग एव परिणाम उपयोगपरिणामः). જીવપરિણામનો એક પ્રકાર. जीवके परिणाम का एक भेद a variety or mode of the development of a soul. पन्न० १३; ठा० १०; —लक्खण. न० (-लक्षण) જીવાસ્તિ કાયનું ઉપયોગ લક્ષણ. जीवास्तिकाय का लक्षण (उपयोग). the characteristic mark of consciousness or rather power of consciousness possessed by a soul. भग० १३, ४;

उवंग. न० (उपाङ्ग) શરીરના અવયવના અવયવ; મુખ્ય અવયવના અવયવ:; ઉપાંગ. शरीर के अवयव का अवयव (उपांग). A sub-limb of a body. जं० प० अणुजो० १२७; पन्न० २३; क० गं० १, ३४; २, ६; ४, ६२; क० प० ६, ६१; १, ४६; (२) અંગ સૂત્રની પાસેના ઉપાંગ સૂત્ર; ઉવવાઈ આદિ બાર ઉપાંગ. अंगसूत्र के उववाई आदि बारह उपांग. any of the 12 Upanga Sutras viz. Uvavai etc. जं० प० १; भग० निर० १, १; ३; कप्प० १, ६; —निग. न० (त्रिक) ઔદારિક શરીરના અંગોપાંગ, વૈક્રિય શરીરના અંગોપાંગ અને આહારક શરીરના અંગોપાંગ એ ત્રણનો સમૂહ. औदारिक, वैक्रियक और आहारक इन तीनों शरीरों के अंगोपांग. the limbs and sub-limbs of the three kinds of bodies, viz Udarika Vaikreya and Aharaka. क० गं० २, २३;

उवंजण. न० पुं० (उपाञ्जन) ગાડીના પૈડાને ઊંગણ દેવું ચીકણો પદાર્થ લગાડવો તે. गाड़ी के चाक में तेल देना. Lubricating a wheel of a carriage etc " अक्खोवंजणं वणलेवणं " सूय० २, १, ४६; पण्ह० २, १;

√ **उव कप्प.** धा० I. (उप+कल्प्) નિપજાવવું; તૈયાર કરવું. उत्पन्न करना; तैयार करना. To produce; to prepare.

उवकप्पंति. सूय० १, ११, १६;

√ **उव-कस.** धा० I. (उप+कष) પામવું; મેળવવું. प्राप्त करना; पाना. To get; to obtain.

उवकसंति. सूय० १, ६, १, २०;

उवकसंत. व० कृ० दसा० ६, ११;

√ **उव-कर.** धा० II. (उप+कृ) ઉપકાર કરવો. उपकार करना. To do a good turn; to do an act of benevolence.

उवकरेउ. उवा० १, ६८;

√ **उव कर.** धा० II. (उप+कृ) રાંધવું. રસોઈ કરવી. सिझाना; रसोई करना. To cook; to cook food.

उवक्खडेइ. नाया० ७; १३; १६;

उवक्खडिंति. नाया० ८;

उवक्खडिअ. वि० आया० २, १, ४, २०;

उवक्खडेह. आ० नाया० ३;

उवक्खडेउ. उवा० १, ६८;

उवक्खडिय. सं० कृ० नाया० १६;

उवक्खडित्ता. नाया० १६;

उवक्खडेत्ता. भग० ९, ६, ३४;

उवक्खावेइ. प्रे० नाया० ७; १६; भग० १६, ५;

उवक्खडावेइ ति. प्रे० नाया० १; ७; ८; १६ भग० ३, १; विवा० ३.

उवक्खडावेंति. प्रे० नाया० १८;

उवक्खडावेंति. प्रे० भग० ११, ६; ७, १

उवक्खडावेहि. आ० प्रे० नाया० १;

उवक्खडावेह. आ० प्रे० भग० १२, १; १५, १;

उवक्खडाविय. सं० कृ० भग० १६, १;

उवक्खडावइत्ता. सं० कृ० नाया० १, १६. भग० ३, १; १५, १;

उवक्खडावित्ता. सं० कृ० नाया० २; ३; ७. भग० ३, १;

उवकरण. न० (उपकरण) ઉપકરણ; વસ્ત્ર આદિ પરિગ્રહ. उपकरण; वस्त्र वगैरह परिग्रह. An article of possession, such as a cloth, a vessel etc. पगह० १, ४; भग० १४, १; —ओमोयरिया. स्त्री० (अवमोदरिका) ઉપકરણની ઉણોદરી. उपकरण की ऊनोदरी.

limitation, narrowing down, of articles to be possessed. ठा० ३, ३;

उवकासिय. न० (*) शरीरना अवयव; गात्र. शरीर के अवयव. Any of the limbs of the body. पराह० २, ४;

√ उव-की. धा० III. (उप+कॄ) वींखी नांखवुं. बिखेरना. To scatter; to disperse.

उवकीरेइ. निसी० ७, २७:

उवकुल. पुं० (उपकुल) कुलनक्षत्रनी पासेना नक्षत्रो, जेमके अश्विनी कुल तो भरणी उपकुल; कृतिका कुल तो रोहिणी उपकुल. कुलनक्षत्र के समीपवर्ती नक्षत्र जैसे कि अश्विनी नक्षत्र कुल नक्षत्र है और इस के समीप भरणी नक्षत्र उपकुल है, कृतिका कुल नक्षत्र का रोहिणी उपकुल है. The asterisms in the vicinity of a constellation; e. g. Bharaṇī in the vicinity of Aśvinī; Rohiṇī in the vicinity of Krittikā. जं० प० ७, १६१;

√ उव-क्कम धा० I. II. (उप+क्रम्) खेडवुं; खेडवुं; वाववाने योग्य करवुं. जमीन हलना. To cultivate; to till.

उवक्कमिजइ. क० वा० विशे० २०३६;

उवक्कमिजंति. क० वा० अणुजो० ६७;

उवक्कम. पुं० (उपक्रम) दूर रहेल वस्तुने प्रतिपादनशैलीथी नजिक लावीने निक्षेप योग्य करवी; अनुयोग शब्दविवेचननुं प्रथम द्वार. दूरवर्ती वस्तु को प्रतिपादनशैली के द्वारा समीप लाकर निक्षेप करना; अनुयोग शब्द विवेचन का प्रथम द्वार. An introduction; introductory remarks. अणुजो० ५६; ११; (२) जेथी जिंदगीनो अंत आवे-आयुष्य तुटी जाय ते. जिससे जीवन का अंत हो जाय, आयुष्य टूट जाय-वह. that which puts an end to life. सूय० १, ८, १५; आउ० ८; प्रव० १०१७; (३) अनुदित कर्मने उदयमां लाववा ते. अनुदित कर्म को उदय में लाना. causing unmatured Karma to mature. ठा० ४, २; (४) बन्धनो आरम्भ-शरुआत. बंध का प्रारंभ. commencement of bondage; commencement. ठा० ३, ३; ४, २; (५) उपाय; इलाज. उपाय. means to accomplish an object; an expedient; a remedy. "तिविहे उवक्कमे पराणत्ते तंजहा धम्मिएउवक्कमे अहम्मिए उवक्कमे" ठा० ३; सूय० १, २, ३, १४; आया० १, ८, ७, ६; भग० १, ४; —काल. पुं० (-काल) दूर रहेल वस्तुने प्रतिपादनशैलीथी नजिक लाववानो वखत. दूरवर्ती वस्तु को प्रतिपादनशैली के द्वारा समीप लाने का समय. time for making introductory remarks or preliminary observations. "सकिलोवक्कमकालो किरियापरिणाम भूरहो" विशे० ६१७;

उवक्कमण. न० (उपक्रमण) उपक्रम करवो; विशेषता करवी. उपक्रम करना; विशेषता करनी. Commencement; particularisation; making preliminary observations. अणुजो० ६८;

उवक्कमिया. स्त्री० (औपक्रमिकी) रोगादिक

* जुओ पृष्ठ नम्बर १५ नी फुटनोट (*). देखो पृष्ठ नंबर १५ की फूटनोट (*). Vide foot-note (*) p. 15th.

કારણથી થતી પીડા. रोगादिक से जो पीड़ा हो वह. Involuntary pain caused by disease etc. "अहं उवक्कमियं वेय-णं खोसम्मं सहामि" ठा० ४; २, ४; पन्न० ३५; भग० १, ४;

उवक्कर. पुं० (उपस्कर) સંસ્કાર શુશ્રુષા. संस्कार शुश्रूषा. Attendance of a ceremony. पण्ह० १. १;

उवक्खड. त्रि० (उपस्कृत) રાંધવાને આરમ્ભ કરેલું. पकाने के लिये प्रारम्भ किया हुआ. (Food) begun to be cooked. पिं०नि०१७०; जीवा०३,३;ओघ० नि० भा० ५८; नाया० २; उत्त० १२, ११;

उवक्खड. पुं० (उपस्कर) રાંધવાની સામગ્રી. पकाने का सामान. The articles for cooking. ओव० —संपएण. त्रि० (-संपन्न) રાંધવાની સમ્પૂર્ણ સામગ્રીથી નીપજેલ ભાત વગેરે. आहार का एक भेद; सिफाने से उत्पन्न भात वगैरह. a kind of food; food prepared by cooking. ओव०

उवक्खडिय. त्रि० (उपस्कृत) સંસ્કાર પમાડેલ. संस्कार किया हुआ. Seasoned. भग० १५, १; नाया० १६;

उवक्खर. पुं० (उपस्कर) ઘરના ઉપકરણ; ઘરવખરી. घर के उपकरण; घर सम्बन्धी सामान. Household furniture. (२) હીંગ આદિ. हींगादि. asafœtida etc. ठा० ८; —संपएण. त्रि० (संपन्न) હીંગ આદિથી વઘારેલ. हींग आदि से बघारा हुआ. seasoned, spiced with asafœtida etc. ठा० ४, २;

उवक्खा. धा० I, II. (उप+ख्या) નામનિર્દેશ કરવો. नामनिर्देश करना. To make mention of a name.

उवक्खाइज्जंति. क० वा० भग १६, ३; २०, १; सूय० २, ४, १०;

उवक्खाइआ. स्त्री० (उपाख्यायिका) ઉપકથા; પ્રાસંગિક કથા. उपकथा; प्रसंग सम्बन्धी कथा. An episode; a stroy subordinate to the main story; an episodical story. नंदी० ५०; सम० ६;

उवक्खाइत्तार. त्रि० (उपाख्यातृ) ખ્યાતિ-પ્રસિદ્ધિ મેળવનાર. प्रसिद्धि प्राप्त करने वाला. (One) who has won renown. सूय० २, २, २६;

√**उव-गम.** धा० I. (उप+गम्) પાસ આવવું; નજીક આવવું. पास आना; नजदीक आना. To come near.

उवगम्म. सं० कृ० विशे० ३१६६;

उवगंत. व० कृ० सम० ३०;

उवगय-अ. त्रि० (उपगत) પામેલ; પ્રાપ્ત થયેલ. पाया हुआ; प्राप्त. Acquired; got; (one) who has got. राय० ३३; ३५; कप्प० ४, ६२; ओव० ३१; विवा० २; सूय० २, १, ५६; अणुजो० १३ नाया० १;८; ६; १७; भग० ३, २; १४, ३; उवा० १, ६६; २, ६६; (२) યુક્ત; युक्त. possessed of; united with. राय० कप्प० १, २; —सत्ताइत्त. न० (-सत्त्वत्व) ૨૪ મો સત્ય વચનનો અતિશય. सत्य वचन का २४ वां अतिशय. the 24th supernatural manifestation of truthfulness of speech. सम० राय०

उवगरण. न० (उपकरण) વસ્ત્ર પાત્ર વગેરે નિર્વાહના સાધન. निर्वाह की सामग्री; वस्त्र पात्र आदि. Articles of use, such as clothes, utensils etc; आव० ४, ६; प्रव० १५, १२८; ५०४; राय० २५७; ओव० १६; उत्त० १२, ४; जं० प० २, ३१; आया० १, २, १, ६२; २, ३, ३, १४;

दसा० ४, ६१; विशे० १६४२; अणुजो० १३४; पिं० नि० २४६; भग० १, ८; ३, १; ५, ४; दस० ४; —इंदिय न० (-इन्द्रिय) શબ્દાદિને જાણવામાં હેતુરૂપ શક્તિ વિશેષ. शब्दादि को जानने में हेतु रूप शक्ति विशेष a faculty of sense causing perception or knowledge of sound etc. विशे० १६४; —उप्पायणया- स्त्री० (-*उत्पादनता) ઉપગરણ એકઠાં કરવા તે -આણી આપવા તે. उपकरणों को इकट्ठे करना. collecting & bringing together articles of use, such as clothes, vessels etc. "से किंतं उवगरण उप्पायणया चउविहा पण्णत्ता" दसा० ४, ८६; —जाय· न० (-जात) ઉપકરણની જાત; ઉપકરણના પ્રકાર. उपकरण के भेद; उपकरण की जाति varieties of articles of use, such as clothes, utensils, etc. वव० २, २०; ४, २४; दस० ४; वव० ७, १७; ८, ११; निसी० ४, ३०; १५, ३५; —दव्वोमोयरिया. स्त्री० (-द्रव्यावमोदरिका) સાધુને રાખવાજોગ જે તેના કરતાં પણ ઓછા ઉપકરણ રાખવાં તે; દ્રવ્ય ઉણોદરીનો એક પ્રકાર. साधू के रखने योग्य उपकरणों से भी कम उपकरण रखना; द्रव्य उनोदरी का एक भेद. limitation of implements of use such as clothes etc., beyond that prescribed for even a monk. भग० २५, ७; —पणिहाण. न० (-प्रणिधान) લૌકિક ઉપકરણ-ગૃહાદિ, અને લોકોત્તર ઉપકરણ—વસ્ત્રપાત્રાદિ, તેનું પ્રણિધાન—ઉપભોગ-પ્રવર્તન. लौकिक उपकरण-गृहादि-और लोकोत्तर उपकरण-वस्त्रपात्रादि का उपभोग. use of such worldly possessions as a house etc; also that of such implements as clothes utensils etc., by monks. ठा० ४,१; —संजम. पुं० (-संयम) મહામુલ્યવાળાં વસ્ત્રનો ત્યાગ કરી સાદાં ધોળાં વસ્ત્ર પહેરવાં તે; સંયમનો એક પ્રકાર. मूल्यवान् वस्त्रों का त्याग कर सादे सफेद वस्त्रोंको पहिनना; संयम का एक भेद. a variety of ascetic conduct; giving up costly and gaudy clothes and putting on white and simple garments. ठा० ४; —संवर. पुं० (-संवर) સંવરનો એક પ્રકાર; સાધુએ પ્રમાણ ઉપરાંત તથા અકલ્પનીય ઉપકરણ ન લેવા તે. संवर का एक भेद; साधुका प्रमाण से अधिक तथा अकल्पनीय उपकरण न लेना. a mode of the stoppage of Karma; non-acceptance by a monk of materials or articles of use beyond permitted limit. ठा० १०;

उवगसित्ता. सं० कृ० अ० (उपकस्य) સમીપે આવીને. समीप आकर. having approached: "मया बंध माणाहिं एगेहिं कलुणा विणीयमुवगसित्ताण" सूय० १, ४, १, ७,

उवगाइज्जमाण त्रि० (उपगीयमान) ગવાતું. गाया जाता हुआ. Being sung. 'उवणच्चिज्जमाणे उवगाइज्जमाणे उवलालिज्जमाणे" राय० २८६;

उवगार. पुं० (उपकार) ઉપકાર. उपकार. A good turn; a benevolent deed; benevolence; kindness. नंदी० —(रा) अभाव. पुं० (-अभाव) ઉપકારનો અભાવ; અપકારી પણું. उपकार का अभाव; अपकार. absence of benevolence or kindness; un-

kindness. " उवगाराभावम्मिवि पूआबं पूजगस्स उवगारो " पंचा० ४, ४४;

उवगारण. न० (उपकारण) ઉપકાર કરવો કરાવવો તે. उपकार करना कराना. Showing kindness or causing others to show it to those in distress. " उवयारणपारणासु विणयो पउंजियव्वो " पग्रह० १. ३:

उवगारि. त्रि० (उपकारिन्) ઉપકાર કરનાર. उपकार करनेवाला; उपकारी. Benevolent; kind; helpful. पंचा० ४, ४१;

उवगारियलेण. न० (उपकारिकालयन) પ્રાસાદમાં દાખલ થવાને ઉપકારક થાય તેવો ઓટલો વગેરે; પ્રાસાદપીઠ. प्रासाद में जानेके समय चढने का ओटला; प्रासादपीठ. A small platform to ascend the palace. भग० ३, ७; १३, ६:

उवगाहित्तए. सं० कृ० अ० (अवगाहितुं) અવગાહન કરવાને. अवगाहन करने के लिये. In order to enter or pervade. नाया० ८;

उवगिज्जमाण. त्रि० (उपगीयमान) ગાતું. गाता हुआ. Singing; being sung. नाया० १; १६; भग० ६, ३३; राय० २७५; जं० प० ३, ५२; ३, ६७;

√**उवगिगह.** धा० I. II. (उप+ग्रह्) ગ્રહણ કરવું. ग्रहण करना. To take; to accept.

उवगिगहह. भग० ५, ४;

उवगिगहमाण. भग० ५, ६:

उवगीयमाण. त्रि० (उपगीयमान) ગાતો. गाता हुआ. Singing. विवा० ६

उवगूढ. त्रि० (उपगूढ) સંસ્પૃષ્ટ; અડકેલ. छुआ हुआ. स्पर्श किया हुआ Touched by; in contact with. सूय० १, ४, १, २७; नाया० १८; (२) યુક્ત. युक्त; सहित. joined with; possessed of. " गुंजावक कुहरोवगूढं " राय० (३) છુપાઈ રહેલું; ભરાઈ રહેલ. छुप कर रहा हुआ. remaining hidden or concealed; hiding; lurking. राय० ८६;

उवगूहण. न० (उपगूहन) આલિંગન. आलिंगन; भेंट; मिलाप Embrace; pressing to the bosom with affection. " आरहणणाहणेहिं बालय-उवगूहणेहिं " तंदु०

उवगूहिअ. त्रि० (उपगूहित) આલિંગન કરેલ. आलिंगन किया हुआ. Embraced. तंदु० राय० नाया० ६;

उवगूहिज्जमाण. त्रि० (उपगुह्यमान) આલિંગન કરાતું मिलाप कराता हुआ. Embracing. " उवलालिज्जमाणे उवगूहिज्जमाणे " नाया० १; राय० २८३;

उवग्ग. अ० (उपाग्र) સમીપમાં; નજીક. नजदीक; समीप. Near; in the vicinity. विशे० ३०१५;

उवग्गह. पुं० (उपग्रह) ઉપાધિ; જેથી ભવ વધે તે. उपाधि; कर्मबंध का कारण. Any possession which prolongs one's stay in the cycle of births and deaths. ओव० पत्त० ३६; (२) અવષ્ટંભ; ટેકો. टेका; आधार. a support. गच्छा० १५; ओव० पिं० नि० ६३; भग० २, ६; (३) આજ્ઞા. आज्ञा; हुक्म. order; command. नाया० १३; १४; नाया० ध० —कम्म. न० (-कर्मन्) ભવોપગ્રાહી કર્મ; વેદનીય, આયુષ્ય, નામ, અને ગોત્ર એ ચારમાંનું ગમે તે એક भवोपग्राही कर्म; वेदनीय, आयुष्य, नाम और गोत्र इन चार कर्मों में से कोई भी एक कर्म. Karma which is helpful in prolonging worldly existence;

any of the four kinds of Karma viz Āyuṣya, Nāma, Gotra and Vedaniya. पन्न० ३६; —कुसल. त्रि० (-कुशल) અનુગ્રહ કરવામાં કુશલ. अनुग्रह–उपकार–करने में कुशल. (one) proficient in showing favour, kindness etc. वव० ३, ३; —ट्ठया. स्त्री० (-अर्थता) અનુગ્રહની અપેક્ષા. अवग्रह की अपेक्षा. a desire or wish for Avagraha i. e. favour, help etc. ठा० ५, ३:

उवग्गाहिय. त्रि० (औपग्रहिक) પાડીયારૂં; સાધુએ થોડો વખત રાખી પાછું ધણીને સોંપી દેવાયોગ્ય વસ્તુ-ઉપાધિ. ऐसी वस्तु जो कि साधु थोड़े समय के वास्ते लेकर उसे वापस मालिक को दे देता है; वापिस देने योग्य वस्तु. (Anything) borrowed from the owner for temporary use. भग० ६, ३१: ओघ० नि० ७२६;

उवग्गाहिय. त्रि० (उपगृहीत) ઉપસ્થાપન કરેલ. उपस्थापित Freshly admitted after expulsion from the order. पन्न० २३;

उवग्घाय. पुं० (उपोद्घात) પ્રસ્તાવ; ઉપોદ્ઘાત. उपोद्घात; प्रस्ताव. An introduction; a preface. अणुजो० १५५; विशे० ६७२;

उवघाअ-य. पुं० (उपघात) વિનાશ; મરણ; સંહાર. विनाश; मरण; संहार. Death; destruction: annihilation. क० गं० १, २५-४८: ५, ७-७०; क० प० १, ४८; प्रव० १२७७; १३८८; पिं० नि० भा० २४; ओव० पन्न० ११: २३; पराह० १, १; (२) આઘાત-શ્રોત્રાદિ ઇંદ્રિયોને વાજીંત્ર વગેરેના શબ્દથી ધક્કો લાગે તે. श्रोत्रादि इन्द्रियों को वाद्य आदि के शब्दादिके श्रवण वगैरह से जो धक्का लगे वह. an impact given by sound etc. to the sense-organs e. g. ears etc. विशे० २०४; (३) પિંડ, શય્યા વગેરેનું અકલ્પનિકપણું; જેથી સાધુને આહાર, શય્યા વગેરે કલ્પે નહિ તેવો દોષ. पिण्ड शय्या आदिकी अकल्पनीकता. food, bed etc. used by an ascetic against the rules of scriptures. ठा० ३, ४: —कम्म न० (-कर्मन्) બીજાની ઘાત થાય તેવી ક્રિયા. दूसरे का घात जिस से हो ऐसी क्रिया. an act which involves destruction of other living beings "आसूवि भक्खिरागं च गिद्धुमुवघायं कम्मगं" सूय० १, ६, १५; —कम्मग. न० (-कर्मक) જુઓ ઉપલો શબ્દ. देखो उपरका शब्द. vide above सूय० १, ६, १५; —णाम न० (-नामन्) નામકર્મની એક પ્રકૃતિ. नाम कर्मकी एक प्रकृति. a variety of Nāmakarma. सम० २८; —णिस्सिय न० (-निश्रित) દશમું મૃષા-જૂઠ. दशवीं झूठ; असत्य का दशवां भेद. the 10th variety of falsehood or lie. प्रव० ८६६; ठा० १०; —वज्ज. त्रि० (-वर्ज्य) ઉપઘાત નામકર્મની પ્રકૃતિ શિવાયનું उपघात नामकर्म की प्रकृति के अतिरिक्त. with the exception of the variety of Nāma Karma known as Upaghāta. क० प० ४, ३;

उवघाइ. त्रि० (उपघातिन्) ઘાત કરનાર; મારનાર. घात करने वाला; मारने वाला. A destroyer; a slaughterer. उत्त० १, ४०;

उवघाइअ. त्रि० (उपघातिक) ઉપઘાત-નાશ કરનાર दूसरेको घात करने वाला.

(One) that kills or destroys another. दस० ८. २१;

उवघाइया. स्त्री० (उपघातिकी) પ્રાયશ્ચિત્તનો એક પ્રકાર; ભારે પ્રાયશ્ચિતમાંથી થોડો વખત બાદ કરી લઘુ પ્રાયશ્ચિત્ત આપવું તે. प्रायश्चित्त का एक प्रकार; भारी प्रायश्चित्त में से थोड़ा समय कम करके लघु प्रायश्चित्त देना. A mode of expiation; making an expiation lighter by curtailing the time required for its due performance and then prescribing it to a sinner. (२) २८ આચારપ્રકલ્પમાંનું એક. २८ आचारप्रकल्प में से एक. one of the 28 Āchāra Prakalpa. " उवघाइया आरोवणा अणुघाइया आरोवणा " सम० २८;

√**उव-चिय.** धा० I. (उप+च्यु) ચ્યવવું; નાશ થવો. च्युत होना; नाश पाना To destroy; to ruin.

उवचयंति भग० २, ५;

उवचय. पुं० (उपचय) પુષ્ટિ; વધારો; વૃદ્ધિ. वृद्धि; बढ़ती; पुष्टि. Increase; growth. भग० २०, ४; पिं० नि० ९; १०१; गु० च० १, ३१५; राय० २५०; (२) ઇંદ્રિય યોગ્ય પુદ્ગલનો સંગ્રહ કરી ઇંદ્રિય પર્યાપ્તિ બાંધવી તે. इन्द्रिय योग्य पुद्गल का संग्रह करके इन्द्रिय पर्याप्ति को बांधना. development or growth of organs of the body by sufficient storage of proper molecules पन्न० १५; पराह० १, ४;

√**उव-चर.** धा० I. (उप+चर्) પાસે આવી ઉપસર્ગ આપવો-કષ્ટ આપવું. समीप आकर उपसर्ग करना-कष्ट देना. To trouble or annoy by approaching.

उवचरंति. आया० १, ६, २, ७;

उवचरअ-य. पुं० (उपचरक) સેવાને મિષે બીજાને ઉતારી પાડવાની તક જોનાર. सेवा के बहाने दूसरे के पतन का मौका ताकने वाला. One who watches for an opportunity to bring another into disgrace while pretending to serve him. सूय० २, २, २८;

उवचरिअ. त्रि० (उपचरित) ઉપચાર કરેલ. उपचार किया हुआ. Worshipped. पंचा० ६, १०;

उवचार. पुं० (उपचार); પૂજા સામગ્રી. पूजा सामग्री. Materials of worship. पराह० १, ३;

उवचिअ-य. त्रि० (उपचित) પુષ્ટ થયેલું; વૃદ્ધિ પામેલું; જીવના પ્રદેશથી વ્યાપ્ત થએલું. पुष्ट; वृद्धि प्राप्त; जीव के प्रदेश से व्याप्त. Grown; developed; increased. " उवचियतयपत्तरवालं कुर पुप्फ फल समुइए " जं० प० २, ३८; विशे० ८६४; दस० ७, ३२; नाया० १; ४; पन्न० २; ओव० १०; भग० १, १; ६; २, १; दसा० १०, १; उवा० २, ६५; कप्प० २, १४; ३, ३२-३४; (२) સહિત. सहित; युक्त. accompanied with. अणुजो० ५३; जीवा० ३, १; (३) સ્થાપેલ; ગોઠવેલ. स्थापित; जमाया हुआ. established; settled; arranged. (४) સંભારેલું; કમાવેલું. सम्हाला हुआ; कमाया हुआ. mended; tanned; cured (leather). राय० १६०;

√**उव-चिट्ठ.** धा० I, II. (उप+स्था) સમીપ જવું; પાસે સ્થિતિ કરવી. समीप में स्थिति करना. To stand in front of; to go to.

उवचिट्ठइ. नाया० १; सु० च० ३, २४१;

उवचिट्ठांति भग० ७, २;
उवचिट्ठे. वि० उत्त० १, २०;
उवचिट्ठिज्जा. वि० उत्त० १, ३;
उवचिट्ठइज्जा. वि० दस० ६ ११;
√ उव-चिण. धा० II (उप+चि) ઉપચય કરવો; વૃદ્ધિ કરવી. उपचय करना; वृद्धि करना. To increase; to grow; to develop.
उवचिणाइ. भग० १, १; १, ७; ६; उत्त० २६, २२;
उवचिणंति. ठा० ४, १;
उवचिणिस्संति. ठा० ४; १;
उवचिणिंसु. भू० ठा० ४, १;
उवचिज्जइ. क० वा० भग० १, १०;
उवचिज्जन्ति. भग० ६, ३; २५, २:
√ उव-जा. धा० I. (उप+या) પાસે જવું; મળવું. पास जाना; मिलना. To go to or near; to meet.
उवयाइ. भत्त० ७२:
√ उव-जीव धा० I (उप+जीव्) જીવવું; નિર્વાહ કરવો. जीना. निर्वाह करना. To live; to maintain livelihood.
उवजीवइ भग० २, १; वव० ६. ६: सूय० २, ५, २१:
उवजीवंति. भग० ४१. १;
उवजीवि. वि० (उपजीविन्) આજીવિકા ચલાવનાર. आजीविका चलाने वाला (One) who maintains livelihood; (one) who supports life पि० नि० ४८६;
उवजुंजिऊण. सं० कृ० अ० (उपयुज्य) ઉપયોગ કરીને. उपयोग करके. Having used: having made use of. भग० ८, १:
उवजुत्त. त्रि० (उपयुक्त) ઉપયોગ સહિત. उपयोग सहित. Full of carefulness or attentiveness. प्रव० ६८;
उवजोइय. पुं० (उपज्योतिष्क = ज्योतिषः समीपे तिष्ठन्तीति उपज्योतिषस्तएवोपज्योतिष्काः) અગ્નિ પાસે રહેનાર; રસોઇઓ. अग्नि के समीप रहने वाला; रसोइया. One who remains near fire; a cook. (२) અગ્નિહોત્રી. अग्निहोत्री. one who consecrates and maintains the sacred fire. उत्त० १२, १८;
√ उव-पज्ज. धा० I. (उप+पद्+य) ઉત્પન્ન થવું. उत्पन्न होना. To be born; to be produced.
उववज्जंति. दसा० ७, ७;
उववज्जित्तए. हे० कृ० भग० ७, ६; ३४, १
√ उव-पज्ज. धा० II. (उप+पद्) ઉપજવું; ઉત્પન્ન થવું पैदा होना; उत्पन्न होना. To be born or produced.
उववज्जइ. भग० १, ७; ३, ४; ५; ४, ६; ८, १०; नाया० १६;
उववज्जंति. ओव० ३८; उत्त० ८, १४; सू० प० १६: भग० २, ५; ७, ३: १०, ४; ११, १; १२, ६; १३, १; १६, ३; २०, १०; २३, ५; २४, १; १२; २५, ८; ३२, १: ३५, ४; ४०, १; ४१, १:
उववज्जेज्जा. भग० १, ७; १२, ८; १७, ६: २०, ६: २४, १; ३४, १:
उववज्जिहिति. भग० २, १: ७, ६: ११, ११: १३, ६: १४, ८; १५, १; नाया० ध० उवा० १, ६२: ६०: २, १२५; ओव०
उववज्जिहिंति. नाया० १: १४; भग० ३, १; ७. ६; विवा० १: जं० प० २, ३६;
उववज्जिहिसि. उवा० ८, २५५; २५६;
उववज्जिस्सइ. भग० ३, १:
उववज्जित्तए. हे० कृ० भग० ३, ४; ५, ३: ६, ५; ७, ६; ७; १२, ६; १७, ६; ७; १८, ५; ८; २०, ६; २४, १; २१; ३६, १: पन्न० १६;

उववज्जित्ता. सं० कृ० भग० ११,६; २०,६;
उववज्जेत्ता. सं० कृ० भग० ६, ५;
उववज्जिऊण. सं० कृ० पन्न० १६:
उववज्जमाण. भग० १, २; ६; ७; १२, ८: २४, १: २; २०; २५, ६; ३४, १; ४१, १,
उववायए. प्रे० वि० उत्त० १, ४३; दस० ८, ३३;

उवज्जोइ. त्रि० (उपज्योतिष) જ્યોતિ-અગ્નિ સમીપવર્તી. ज्योति-अग्नि समीपस्थ. (One) who remains near the fire; remaining near the fire. सूय० १, ४, १, २६;

उवज्झाय. पुं० (उपाध्याय-उपसमीपमागत्य-अधीयते सूत्रतो जिनप्रवचनं येभ्यस्त उपाध्यायाः) ઉપાધ્યાય; શાસ્ત્રનું અધ્યયન કરાવનાર; उपाध्याय, शास्त्र का अध्ययन कराने वाला. An Upādhyāya or preceptor; a teacher of scriptures. दसा० १, १; वेय० ४, १५; नाया० २; १०; भग० १, १: ५, ६: ८, ८; २५, ७; ओव० २०; ४१: उत्त० १७, ४: सम० ४०, आया० २, १, १०, ५६: राय० १; पन्न० १६; वव० १, २६: २६: आव० १, २: भत्त० ४८; कप्प० १, १;—पडिणीय. पुं० (-प्रत्यनीक) ઉપાધ્યાયનો શત્રુ. उपाध्याय का शत्रु. an enemy of an Upādhyāya or preceptor. भग० ८, ३३; १५, १; —वेयावच्च. न० (-वैयावृत्य) ઉપાધ્યાયની સેવા કરવી તે. उपाध्याय की सेवा. rendering of service to an Upādhyāya or teacher of scriptures. भग० २५, ७; ठा० ५, १; वव० १०, २७;

उवज्झायत्त. न० (उपाध्यायत्व) ઉપાધ્યાય પણું. उपाध्याय पना. State of being an Upādhyaya or teacher of scriptures; preceptorhood. वेय० ४, १६; १७; वव० ७, १६;

उवज्झाय-ता. स्त्री० (उपाध्यायता) ઉપાધ્યાયની પદવી. उपाध्यायकी पदवी. Degree or title of an Upādhyāya or preceptor. ठा० ३, ४; वव० ३, ४; ७;

उवट्ठंभ. पुं० (उपष्टम्भ) ટેકો. टेका. A support प्रव० १३८१;

√ **उव-ट्ठव.** धा० I, II. (उप + स्था) ગોઠવવું; તૈયારી કરવી; મહાવ્રતનું આરોપણ કરવું तैयारी करना; मेल मिलाना; जमाना; सजाना; महाव्रतका आरोपण करना. To make preparations or arrangements; to administer the great vows.
उवट्ठवेइ. नाया० १; ५: ८; १२; १३; दसा० १०, १;
उवट्ठवेंति. नाया० ८: भग० ७, ६:
उवट्ठवेमि. नाया० १२:
उवट्ठेव. दसा० १०, १;
उवट्ठवेह. आ० नाया० १: ५; ८: १२; १६: भग० ७, ६; ६, ३३; ओव० २६; ३०; राय० २२६: उवा० ७, २०६; जं० प० ५, १२०;
उवट्ठवेत्ता. भग० ६, ३३; निसी० १४, ४८; नाया० १: १३:

उवट्ठवणा. स्त्री० (उपस्थापना) મહાવ્રતનું આરોપણ કરવું તે. महाव्रत का आरोपण करना. Investing with full vows (i e. ascetic vows). पंचा० १७, ३१:

√ **उव-ट्ठा.** धा० I, II (उप + स्था+णि) ઉપસ્થિત રહેવું; તૈયાર રહેવું. तैयार रहना उपस्थित रहना; हाजिर रहना; To keep (oneself) ready or prepared.
उवट्ठाइ. जं० प०

उवट्ठंति. अणुजो० २१;

उवट्ठाइंसु भग० १५, १;

√उवट्ठाव. धा० I, II. (उप+स्था+णि) ચારિત્રમાં સ્થાપવું; મહાવ્રતનું આરોપણ કરવું. महाव्रत का आरोपण करना. To establish (a fresh disciple) in right conduct; to administer the great vows to a disciple.

उवट्ठावेइ. नाया० ८; निसी० ११, ३४;

उवट्ठाविंती. नाया० ८;

उवट्ठावणआ. भग० १,४; वव० १, २६; २७;

उवट्ठावेह. आ० भग० ७, ६;

उवट्ठावित्तए. हे० कृ० ठा० २, १, सूय० २, ७, १५; वव० २, १६, ६, २०; १०, १८;

उवट्ठावेत्तए ठा० ३, ४;

उवट्ठाण. न० (उपस्थान) બેઠક; સભા; મંડપ. बैठक; सभा; मंडप. A seat; a meeting-place; a hall of assembly. कप्प० ४, ८८; भग० १, ३; ३, ७; नाया० २; (२) સંયમ અનુષ્ઠાન. संयम का अनुष्ठान. observance of asceticism. सूय० १, १, ३, १४; —साला. स्त्री० (-शाला) રાજસભા; બેઠક. राजसभा; बैठक. a seat; a hall of audience; a royal council-hall. नाया० १; ५; १६; जं० प० ३, ४३; भग० ७, ६; ६, ३३; ११, ११; निर० १, १; नाया० ध० दसा० १०, १; " बाहिरियाए उवट्ठाणसालाए पडिएक्क पाडिएक्काइं जत्तामि मुहाइं जुत्ताइं जाणाइं उवट्ठवेह " ओव० ११; २६; कप्प० ४, ५८;

उवट्ठाणिअ. न० (उपस्थानिक) ભેટ; બક્ષીસ; નજરાણો. भेंट; इनाम पारितोषक; नजराना. A gift; a present. जं० प० ३, ६४; ३, ४५;

उवट्ठाणिया. स्त्री० (उपस्थानिका) પાસે બેસનારી દાસી. समीपमें पास में बैठनेवाली दासी. An attendant female servant; a waiting maid-servant. भग० ११, ११;

उवट्ठावण. न० (उपस्थापन) દીક્ષા લીધા પછી સાત દિવસે ચાર મહિને કે છ મહિને મહાવ્રતનું આરોપણ કરવું-મ્હોટી દીક્ષા આપવી તે; છેદોપસ્થાપનીય ચારિત્ર આરોપવું તે. दीक्षा लेने के बाद सात दिन, चार मास या छ मास के नंतर महाव्रत का आरोपण करना; बड़ी दीक्षा देना; छेदोपस्थापनीय चारित्र का आरोपण. Fresh admission after expulsion from the order of monks. वव० १०, १२; १३; ठा० ४, २; —अंतेवासी. पुं० (अन्तेवासिन्) જેને છેદોપસ્થાપનીય ચારિત્ર આપ્યું હોય તેવો શિષ્ય. जिसे छेदोपस्थापनीय चारित्र दिया हो वह शिष्य. a disciple freshly admitted in the order of monks after a temporary expulsion. वव० १०, १३;१४; (णा)—आयरिअ. पुं० (-आचार्य) મોટી દીક્ષા આપનાર આચાર્ય, ગુરૂ. बड़ी दीक्षा देनेवाले आचार्य. a preceptor entitled to re-admit a disciple into the order of monks after a temporary expulsion. ठा० ४, ३; —आरिअ. पुं० (-आचार्य) ઉપસ્થાપના છેદોપસ્થાપનીય ચારિત્ર આપનાર ગુરુ. छेदोपस्थापनीय चारित्र देनेवाले गुरु. a preceptor re-admitting a disciple into the order of monks after a temporary expulsion. वव० १०, १२;

उवट्ठिअ-य त्रि० (उपस्थित = उप सामीप्येन स्थितः उपस्थितः) પાસે આવેલ; હાજર થએલ. समीप में आया हुआ; हाजिर रहा

हुआ. Come near; approached; present. " उवट्ठियामे आयरिया वि-आमंत तिगिच्छगा " उत्त० २०, २२; नाया० ८; दस० ४; ६, २, ४; सम० ३०; प्रव० १२५; आया० १, ४, १, १२६; भग० १, ६; ७, ६; सूय० १, १, २, ५; उत्त० २५, ५; ओघ० नि० ५१५;

उवडहित्ता-र. त्रि० (उपदग्धृ) બાળનાર. जलाने वाला. (One) who burns or sets fire to. सूय० २, २, १८;

√उव-ढोय. धा० II (उप+ढौक्) માનતા. ચડાવવી; ધરવું मानता करना; मानता चढाना. To offer for acceptance e. g. before a deity; to present as an offering

उवढोइंति. सु० च० २, ३३६;

उवणच्चिज्जमाण. पु० (उपनृत्यमान) નાચતો. नाचता हुआ; नृत्य करता हुआ. One who is dancing. भग० ६, ३३; जं० प० ३, ६७; ३, ५२;

उवणत्थ. त्रि० (उपन्यस्त) તૈયાર કરેલ. तैयार किया हुआ. Made ready; prepared. दस० ५, १, ३५;

उवणद्ध. स्त्री० (उपनद्ध) ઘણું. बहुत. Much; more; in a great quantity. भग० ६, ३३;

उवणय. पुं० (उपनय) પ્રકૃત વસ્તુની સાથે ઉદાહરણની ઘટના કરવી તે. प्रकृत वस्तु के साथ उदाहरणको घटना करना. The fourth member of the five-membered Indian syllogism (in logic); the application of the Udāharaṇa or illustration to the special case in question. ओघ० नि० भा० ४४; विशे० ३१५२; (२) ભેટણું; બક્ષીસ. डाली; इनाम; पारितोषक a gift; a present. राय० २३७; (३) ગુણની તારીફ; પ્રશંસા. प्रशंसा. praise or appreciation of merits or virtues. प्रव० १०३; —वयण. न० (—वचन) પ્રશંસા વચન જેમ અમુક સ્વરૂપવાન્ અને સુશીલ છે તે. प्रशंसाके वचन. words of praise or admiration. प्रव० ६०३;

उवणयण. न० (उपनयन) કલાચાર્ય પાસે બાલકને કલા શિખવવી તે कला के आचार्य से बालक को कला सिखवाना. Getting a child instructed in arts by a preceptor. भग० ११, ११; पगह० १, २; राय० २८८;

उवणिक्खित्त. त्रि० (उपनिक्षिप्त) મૂકેલ. रखा हुआ Placed; deposited. वेय० २, ४;

उवणिक्खियव्व. त्रि० (उपनिक्षिप्तव्य) પાછું મૂકવું. फिरसे रखना. Placing or depositing again. वेय० ४, २४,

उवणिग्गय. त्रि० (उपनिर्गत) નીકળેલ; બહાર આવેલ. निकला हुआ; बाहिर निकला हुआ. Come out; got out; emerged. ओव०

√उवणिमंत. धा० II. (उप+नि+मंत्र) નિમંત્રણ કરવું; નોતરૂં દેવું. निमंत्रण करना; न्योता करना. To invite; to give an invitation.

उवणिमंतेइ. नाया० १; ८; १४; १६; भग० १२, १; सम० ३१;

उवणिमंतज्जा. भग० ८, ६; वेय० १, ३७;

उवणिमंतेहि. नाया० १४;

उवणमंतेइ. नाया० १;

उवणिमंतेहिंति. ओव० ४०;

उवणिविट्ठ. त्रि० (उपनिविष्ट) સમીપે રહેલ. समीप में रहा हुआ. Placed near; remaining near; situated near.

राय० ४६, जं० प० ४, ७४;

उवाणिहिआ. स्त्री० (औपनिधिकी) જુદી જુદી અનેક વસ્તુઓના પૌર્વાપર્યભાવ-અનુક્રમની યોજના; આનુપૂર્વી-અનુક્રમનો એક પ્રકાર. भिन्न २ अनेक वस्तुओंका पूर्वापर भाव -अनुक्रम की योजना; अनुक्रमका एक भेद. Arrangement of different things in order or succession. अणुजो० ७२;

उवणीअ-य. त्रि० (उपनीत) પાસે આવેલ; પ્રાપ્ત થએલ. समीपगत; प्राप्त. Come near; brought near; obtained. उत्त० ४, ९; सु० च० १,३१६; आया० १, ३, १, १०८; १, ७, १, ६०; पिं० नि० ११३; नाया० १४; १६; राय० २३७; विवा० ६; पंचा० ७, १७; (२) બક્ષીસ આપેલ; સમર્પણ કરેલ. समर्पित; अर्पित; पारितोषक में दिया हुआ-दी हुई. (one) who has been presented with. ओव० १६; भग० ५, ६, पराह० २, १; (३) પ્રશંસા; તારીફ; મહિમા. प्रशंसा; स्तुति. praise; glorification. आया० २, ४, १, १३२; पन्न० ११; (४) સંયુક્ત. संयुक्त; मिला हुआ. joined with; accompanied with. भग० ११, ११; (५) પ્રસ્તાવના ઉપસંહાર વગેરેથી યુક્ત प्रस्तावना, उपसंहार आदि सहित. accompanied with a preface, a conclusion etc. अणुजो० १२८; (६) યોજના કરેલ योजित; योजना किया हुआ-की हुई. planned; arranged. विशे० १५४; —चरअ. त्रि० (-चरक) ક્યાંકથી આણેલ હોય કે બક્ષીસ આવી હોય તેવી ગવેષણા કરનાર. कहीं से लाई हुई या पारितोषक में प्राप्त वस्तु की गवेषणा करनेवाला. (one) who seeks only that which is brought from out side or got as a present. ओव० १६; —वयण. न० (-वचन) પ્રશંસા રૂપ વચન જેમ કે આ સ્ત્રી રૂપાળી છે. प्रशंसायुक्त वचन जैसे अमुक स्त्री रूपवान है. words of praise; commendation; e. g. of the beauty of a woman आया० २, ४, १, १३२;

उवणीय. त्रि० (उपनीततर) જ્ઞાનાદિકમાં અતિશય મગ્ન થએલ ज्ञानादिक में जो अतिशय मग्न हो वह. (One) deeply absorbed in right knowledge etc. सूय० १ २, २, १७;

उवणीयतराग. त्रि० (उपनीततर) અતિ નજીકનું. अतिशय समीपस्थ; बहुत पास का. Very close to; very near to. सूय० २, १, ३६;

उवणुप्पयणी. स्त्री० (अवपातोत्पतनी) આકાશમાં ચડવા ઉતરવાની વિદ્યા. आकाश में चढने उतरने की विद्या. Art of ascending and descending in the sky. नाया० १६;

उवण्णसिउं. सं० कृ० अ० (उपन्यस्य) ઉપન્યાસ કરીને સ્થાપન કરી તે. उपन्यास करके स्थापन की हुई. Having placed; having deposited; having established. विशे० १३५५;

उवत्थड. त्रि० (उपस्तृत) આસપાસ ઢંકાયેલું. आसपास ढंका हुआ. Covered on all sides. "आतियवा वितिगवा उवत्थडा संथडा" भग० १, १, राय० २७३;

उवत्थाणिअ. न० (उपस्थानिक) જુઓ 'उवट्ठाणिअ' શબ્દ. देखो 'उवट्ठाणिअ' शब्द. Vide 'उवट्ठाणिअ'. जं० प०

उवत्थाणिया. स्त्री० (उपस्थानिका) જુઓ

'उवट्ठाविया' शબ्द. देखो 'उवट्ठाविया' शब्द. Vide 'उवट्ठाविया' भग० ११; ११,

उवत्थिअ-य. त्रि० (उपस्थित) પાસે રહેલ; તૈયાર રહેલ. समीप में रहा हुआ-हुई; तैयार. Situated near; in a state of readiness; standing near. "दस-विहाकप्पा उवभोगत्ताए उवत्थिया" सम० १०; नाया० १६; दसा० ६, १७; २३; २४;

√ **उव-दंस.** धा० I, II. (उप-दृश्) દેખાડવું. दिखाना. To show; to manifest.

उवदंसेइ. ति० भग० २, १०; ३, २; १२, ६; १६, ५; ६; विवा० १; कप्प० ६, ६४;

उवदंसंति. भग० ३, १;

उवदंसेंति जं० प० ५, १२१;

उवदंसेमि. सु० च० १५, ११३; सूय० २, १, ११;

उवदंसिज्जा. वि० भग० ११, १०; दसा० ३, १४; १५;

उवदंसेज्जा. वि० भग० १४, ८;

उवदंसित्ता. वि० भग० ३, २;

उवदंसेत्ता. सं० कृ० भग० ३, १;

उवदंसित्तए. हे० कृ० भग० ६, १०; ५, ६; राय० ७, ८; २६८;

उवदंसेत्तए. हे० कृ० भग० ५, ४; १४, ८;

उवदंसेमाण. राय० ७१; भग० १२, ६; नाया० ८; जं० प० ५, ११७; उवा० ८, २४६;

उवदंसिज्जमाण. क० वा० व० कृ० नाया० १३;

उवदंसण. पुं० (उपदर्शन) નીલવન્ત પર્વત ઉપરનું નવમું શિખર. नीलवंत पर्वत पर का नवमां शिखर. Name of the 9th summit of Nilavanta mount. ठा० २, ३; जं० प० (२) દેખાડવું; બતાવવું. दिखाना; बताना. Act of showing or pointing out. प्रव० १३६; —कूड. पुं० (-कूट) જુઓ 'उवदंसण' શબ્દ. देखो "उवदंसण" शब्द. Vide "उवदंसण" जं० प०

उवदंसणया. स्त्री० (उपदर्शन) નામની અર્થ સાથે યોજના કરી વસ્તુનું નિદર્શન કરવું તે. नामकी अर्थ के साथ योजना करके वस्तु का निदर्शन करना. Pointing out a thing by naming it and explaining the connection between the name and its meaning. अणुजो० ७२;

उवदंसिय. त्रि० (उपदर्शित) દર્શાવેલું; બતાવેલું. प्रदर्शित; बताया हुआ. Shown; pointed out. अणुजो० १६; उत्त० २५, ३५;

उवदिट्ठ. त्रि० (उपदिष्ट) ઉપદેશેલું; દર્શાવેલું. उपदेशित; बतलाया हुआ. Taught; instructed; pointed out. भग० ६, ३३; अणुजो० १७; ओव० २१; पन्न० १५;

√ **उवदिस.** धा० I. (उप+दिश्) ઉપદેશ કરવો. उपदेश करना. To teach; to advise; to preach.

उवदिसइ. कप्प० ७, २१०; जं० प० २, ३०;

उवदिसंति. नाया० ५; पण्ह० १, २;

उवदिसित्तए. हे० कृ० नाया० १४;

उवदेस. पुं० (उपदेश) ઉપદેશ; ધર્મનો બોધ. उपदेश; धर्म का बोध-ज्ञान. Religious teaching; instruction; sermon. भग० ६, ३१; ३३; १८, २; नाया० १६; पन्न० १;

उवदेसण. न० (उपदेशन) જુઓ 'उवदेस' શબ્દ. देखो 'उवदेस' शब्द. Vide "उवदेस" ठा० ८, १;

√ **उव-हव.** धा० I, II. (उप+द्रु) ઉપદ્રવ

કરવો; દુઃખ દેવું; મારવું. उपद्रव करना; दुःख देना; मारना. To harass; to give pain or trouble; to kill.

उवद्दवेमो. भग० ८, ७;

उवद्दवेह. ८, ७;

उवद्दवेमाण. भग० ८, ७;

उवद्दव. पुं० (उपद्रव) મહાકષ્ટ; આફત. महान् कष्ट; आफत; संकट. Great trouble; calamity. भग० ६,३३ ; नाया० १; जं० प० २, २४; जीवा० ३, ३; **—रक्खिय.** त्रि० (—रक्षिक) ઉપદ્રવમાંથી રક્ષણ કરનાર. उपद्रवसे रक्षा करनेवाला. (one) who saves from, protects against troubles, dangers etc. प्रव० ६४१;

उवधारेमाण. त्रि० (उपधारयत्) ધારણ કરતો. धारण करता हुआ. Retaining things (perceived) in the mind; putting on. भग० ६, ३३;

उवधारणया. स्त्री० (*उपधारणा) અર્થાવગ્રહનું એક નામ. अर्थावग्रह का एक नाम. Apprehension of an object; a synonym for Arthāvagraha. नंदी० ३०;

उवधारिय. त्रि० (उपधारित) ધારણ કરેલ. धारण किया हुआ-की हुई. Retained in the mind; put on. भग० १, ६;

उवनम. धा० I. (उप+नम्) નમસ્કાર કરવો, नमस्कार करना; प्रणाम करना. To salute; to bow to.

उवणमंति. तंडु० सूय० १, २, १, १;

उवणमंतु. भग० ३, २;

उवनंदणभद्द. पुं० (उपनन्दनभद्र) આર્ય સંભૂતવિજયના એ નામના એક શિષ્ય. आर्यसंभूत विजय के एक शिष्य का नाम. Name of a disciple of Ārya Sambhūta Vijaya. कप्प० ८.

उवनच्चमाण. त्रि० (उपनृत्यमान) નાચ કરતો. नृत्य करता हुआ. Dancing. राय० १७५; २८६;

√ **उव-निमंत.** धा० II. (उप+नि+मन्त्र्) પાસે આવી નિમંત્રણ કરવું. समीप में आकर निमन्त्रण देना. To invite by approaching; to invite

उवनिमंतेमि. उवा० ७, २२०;

उवनिमंतिस्संति राय० २२६;

उवनिमंतिस्सामि. उवा० ७, १८८;

उवनिमंतेत्ता. भग० १२, ;

उवनिमंतिसए. हे० कृ० उवा० ७, १६३;

उवनिहिश्च. त्रि० (औपनिधिक) ગૃહસ્થ બેઠો હોય તેની નજીકમાં જે આહારાદિ હોય તેની ગવેષણા કરવાના અભિગ્રહ ધરનાર. गृहस्थ बेठा हो और उसके समीप आहारादि हो उसकी गवेषणा करने का अभिग्रह धारण करनेवाला. (One) who has taken a vow to seek only that food which is actually lying by the side of householders. ठा० ५, १; पण्ह० २, १;

√ **उव-ने.** धा० I. (उप+नी) લઇજવું; દોરવું. लेजाना To lead; to carry; (२) ભેટ આપવી. भेंट देना to give as a gift; to give a present. (३) સોંપવું सौंपना to hand over; to give under the charge of.

उवणेइ-ति. नाया० १; २; ३; ५; ८; ६; १२; १४; १६; १७; १८; जं० प० राय० २६०; सु० च० २; ३०८; पिं० नि० ४२३;

उवणिंति. सु० च० २, ३५३;

उवणेंति. नाया० १; ३; ५; ८; ६; उवा० ८, २४३;

उवणेमो आया० मा ६सी० १०, ३;

उवयेहि. नाया० २; १२; १६;
उवयेइ. नाया० १३; ८; १६;
उववेहिंति. श्रोव० ४०;
उवयोत्ता. सं० कृ० सूय० २; ६: १:
उववित्तए. हे० कृ० वव० १, २३;
उवयिज्जइ. क० वा० उत्त० १३, २३;

उवआसोवणञ. पुं० (उपन्यासोपनय) વાદિને જિતવાને પ્રત્યુત્તર આપવો તે. वादी को जीतने के लिये प्रत्युत्तर देना. replying an adversary with a view to refute his argument. ठा० ४, ३,

उवप्पयाण. न० (उपप्रदान) રાજનીતિનો બીજો પ્રકાર; પહેલા પ્રકારથી દુશ્મન વશ ન થાય તો પછી કંઇક આપી લલચાવી તેને વશ કરવાની નીતિ. राजनीति के चार भेदों में से दूसरा भेद; पहले प्रकार से शत्रु के वश न होनेपर उसे कुछ लालच देकर वश करने की नीति. (In politics) the 2nd mode of bringing an enemy under subjection viz enticing him to submit by offering some gift. विवा० ३; नाया० १; राय० २०६;

उवबूह. पुं० (उपबृंह) સમાનધર્મિઓના સદ્ગુણની પ્રશંસા કરી તેમના મનને ઉત્સાહિત કરવા તે. समधर्मियोंके सद्गुणकी प्रशंसा करके उनके मनको उत्साहित करना Encouraging; cheering up; cheering up comrades in a common profession by praising their virtues. पञ० १; पंचा० १५, २४; प्रव० २६६;

उवबूहण. न० (उपबृंहण) નિભાવ; રક્ષણ; વૃદ્ધિ; પોષણ. निभाव; रक्षा; वृद्धि. Encouraging; nourishing; protecting. पंचा० २, २८; पराह० २, १; ५;

उवबूहणिय. त्रि० (उपबृंहणिक) વૃદ્ધિ-પુષ્ટિ કારક. पुष्टि करने वाला. Nourisher of the body. निसी० ६ ११;

उवबूहा. स्त्री० (उपबृंहा) ગુણિજનોના ગુણની પ્રશંસા કરવી; સમકિતના આઠ આચારમાંનો પાંચમો આચાર. गुणीजनों के गुणकी प्रशंसा करना; सम्यक्त्व के आठ आचारोंमेंसे पांचवा आचार. Praising, glorifying the merits of the meritorious; the 6th of the eight Achāras of right belief or Samakita. उत्त० २८, ३१:

उवबूहिऊणं. अ० (उपबृंह्य) કુહુ કુહુ અવાજ કરીને. कुह कुह शब्द करके. Having made a noise resembling "Kuha, Kuha;" cooing. सु० च० १, १६३;

उवबूहित. त्रि० (उपबृंहत्) પ્રશંસા કરતો. प्रशंसा करता हुआ. Praising; applauding; गच्छा० ३४;

√**उव-भुंज.** धा० I. (उप+भुज्) ખાવું. खाना. To eat; to dine.

उवभुंजइ. नाया० ७:
उवभुंजासि. सु० च० १, २१३;

उवभुत्त. त्रि० (उपभुक्त) ભોગવેલ. भोगा हुआ. Enjoyed. भत्त० १६;

उवभोग. पुं० (उपभोग) ઉપભોગની વસ્તુ; જેનો વારંવાર ઉપભોગ થઇ શકે તેવા સ્ત્રી વસ્ત્ર ભૂષણ વગેરે. उपभोगकी वस्तु; जिस का बारंबार उपभोग हो सके ऐसी वस्तु-स्त्री वस्त्र, भूषण आदि. An object of enjoyment; an object of enjoyment which is not consumed by being used once, e. g. clothes, ornaments etc. कप्प० ३, ४४; प्रव० २८२; क० गं० १, ५२; पण० २३; उवा० १, २२; ५२; पंचा० १, २४;

—अंतराय. न० (-अन्तराय) અન્તરાય કર્મની એક પ્રકૃતિ કે જેના ઉદયથી વસ્ત્ર આભૂષણ વગેરેના ઉપભોગ થઇ શકે નહીં. अन्तराय कर्म की एक प्रकृति जिस के उदय से वस्त्र, आभूषण आदि का उपभोग नहीं हो सकता. A variety of Antarāya (i. e. obstructing) Karma by the rise of which a person cannot enjoy clothes, ornaments etc. उत्त० ३३, १५; सम० १७; भग० ८, ६; —ट्ठ न० (-अर्थ) વસ્ત્ર આદિના ઉપભોગ માટે. वस्त्र आदि के उपभोग के लिये. for the sake of the enjoyment of clothes etc. दस० ६, २, १३; —परिभोगपरिमाण. न० (-परिभोगपरिमाण) ગૃહસ્થોના સાતમા વ્રતનું નામ કે જેમાં એકવાર કે વારંવાર ભોગવાય તેવી વસ્તુઓનું પરિમાણ બાંધવામાં આવે છે. गृहस्थके सात वें व्रतका नाम जिसमें कि उपभोग्य-वारंवार भोग में आनेवाली-वस्तुओं के परिमाण की प्रतिज्ञा की जाती है. the 7th vow of a householder in which a limit is fixed as to the possession of objects of enjoyment of both kinds, viz. those consumed by one use and those not so consumed. भग० ७, २; —लद्धि स्त्री० (-लब्धि) ઉપભોગ-વસ્ત્રાદિકની પ્રાપ્તિ. उपभोग वस्त्र आदिकी प्राप्ति. acquisition of objects of enjoyment such as clothes etc. भग० ८, २;

उवभोगत्त न० (उपभोगत्व) વસ્તુનો ઉપભોગ; ઉપયોગ उपभोग; उपयोग. Use; enjoyment. सम० १०;

उवमा स्त्री० (उपमा) મુકાબલો; સરખામણી; ઉપમા. तुलना; उपमा. Comparison. "जस्सद्दा परिवे सवे उवमा न विज्जइ" उत्त० ७, १५; ३६, ६५; पन्न० २, ३०; ओव० विशे० ४७०; राय० २४६; आया० १, ५, ६, १७०; उवा० १, ६२; ३, १४४; क० गं० १, १६; पंचा० १६,१०; (२) ધારણા; માન્યતા. धारणा; मान्यता. belief; supposition. उत्त० ४. ६:

उवमिअ-य. त्रि० (उपमित) ઉપમાયુક્ત. उपमा सहित (That which is) compared. ० जं प० भग० १८, १; विशे० ६८५;

उवमिय. त्रि० (औपमिक—उपमयानिवृत्त मौपमिकं उपमामन्तरेण यत्कालप्रमाणमनतिशायिना ग्रहीतुं न शक्यते तदौपमिकम्) જેનું કાલપ્રમાણ ઉપમા વિના બીજાથી જાણી ન શકાય માત્ર ઉપમાથીજ જાણી શકાય તે; પલ્યોપમ; સાગરોપમ વગેરે. जिसका काल प्रमाण बिना उपमाके नहीं जाना जा सके वह; पल्योपम; सागरोपम आदि. (Anything) the measure of which can be understood or grasped only by a simile and not otherwise; e. g. Palyopama; Sāgaropama etc. भग० ६, ७;

उववरिय. त्रि० (उपचरित) ઉપચાર કરેલ. उपचार किया हुआ. Worshipped. विशे० २८३;

उवयार. पुं० (उपचार) પૂજાસામગ્રી. पूजासामग्री. Articles of worship. ओव० पन्न० २; सू० प० १०; राय० ६०; जीवा० ३, ३; नाया० १; ३; अणुजो० १३०; भग० ६, ३३; ११, ११; कप्प० ३, ३२; ४, ६८; पंचा० २, ३६; जं० प० ४; ६२; सु० च० १, ३७; (२) કારણમાં કાર્યનો અને કાર્યમાં કારણનો આરોપ

आरोप-जैसे कि कारण में कार्य का और कार्य में कारण का आरोप. attributing the nature or properties of one thing to another; e. g. identification of cause with effect and vice versa. विशे० ११०; (३) સમૂહ; ઢગલો. समूह; ढेर. a group; a collection. सम० ३४; (४) એક વિષયથી બીજા વિષયનું ગ્રહણ કરવું. एक विषय से दूसरे विषय का ग्रहण करना. figurative or metaphorical use; secondary application. विशे० १२; (५) લોકવ્યવહાર. लोक व्यवहार. conventional practice. श्रोव० २०; राय० २६१; श्रोघ० नि० ७४०;

उवयार. पुं० (उपकार) ઉપકાર; મદદ; ભેટ. उपकार; भेंट; सहायता. Obligation; help; a gift; a present. सु० च० १, १२; श्रोघ० नि० ५८३; पिं० नि० २५१; भत्त० ११८;

उवयारि. त्रि० (उपकारिन्) ઉપકાર કરનાર उपकार करने वाला. Obliging; helpful; kind. विशे० २३४४; सु० च० १०, ५५;

उवयारिश्र. पुं० (औपचारिक-उपचारो लोकव्यवहारः पूजा वा प्रयोजनमस्येति) ઔપચારિક વિનય; વિનયનો એક પ્રકાર. औपचारिक विनय; विनय का एक प्रकार. A way of showing respect; observing proper forms of respect. पंचा० ६, ३७;

उवयारियलयण. पुं० (उपकारिकलयन) સૂર્યાભના વનખણ્ડમાંના મધ્ય ભાગનું એક ઘર-ભવન કે જે એક લાખ જોજનનું લાંબું પહોળું છે. सूर्याभ के वनखंड के मध्य भाग स्थित एक भवन जो कि एक लाख योजन लंबा चौड़ा है. Name of a mansion in the centre of the Vanakhaṇḍa (forest-region) of Sūryābha, which is one lac of Yojanas in length and breadth. जं० प० ४, ८८;

उवयालि. पुं० (उपजालि) અંતગડ સૂત્રના ચોથા વર્ગના ત્રીજા અધ્યયનનું નામ. अंतगड सूत्र के चौथे वर्ग के तीसरे अध्याय का नाम. Name of the third chapter of the fourth section of Antagada Sūtra. (२) વસુદેવરાજાની ધારણી રાણીના પુત્ર કે જે નેમનાથ પ્રભુ પાસે દીક્ષા લઇ બાર અંગનો અભ્યાસ કરી સોળ વરસની પ્રવ્રજ્યા પાળી શત્રુંજય ઉપર એક માસનો સંથારો કરી પરમ પદ પામ્યા. वसुदेव राजा की धारणी नामक रानी का पुत्र जिसने कि नेमिनाथ प्रभु से दीक्षा ली थी और बारह अंग का अभ्यास किया था तथा सोलह वर्ष तक तप कर अंत में शत्रुंजय पर एक मास का संथरा किया और मोक्ष पाया. name of a son of Dhāraṇī the queeen of king Vasudeva. He took Dīkṣā from Lord Nemi-nātha, studied 12 Aṅgas, practised asceticism for 16 years and after a month's Santhārā (giving up food and water) on Śatruñjaya got final emancipation अंत० ४, ३; (३) અણુત્તરોવવાઇના પ્રથમ વર્ગના ત્રીજા અધ્યયનનું નામ. अणुत्तरोववाइ के प्रथम वर्ग के तीसरे अध्याय का नाम. name of the third chapter of the first section of Aṇuttarovavāī. (४) શ્રેણિક રાજાની ધારણી રાણીના પુત્ર કે જે દીક્ષા લઇ ગુણરયણ તપ કરી સોળ વરસની

प्रव्रज्या पाळी विपुल पर्वत उपर एक मासनो संथारो करी जयंत नामना अनुत्तर विमानमां ३२ सागर ने आउखे उत्पन्न थया, त्यांथी एक अवतार करी मोक्षे जशे. श्रेणिक राजा की धारणी रानी के पुत्र का नाम जिस ने कि दीक्षा ग्रहण कर गुणरयण नामक तप किया और सोलह वर्ष तक प्रव्रज्या का पालन कर विपुल पर्वत पर अंत में एक मास का संथारा करके जयंत नामक अनुत्तर विमान में ३२ सागर का आयुष्य प्राप्त कर उत्पन्न हुआ, वहां एक अवतार करके मोक्ष जायगे. name of a son of Dhāraṇī queen of king Śreṇika. He took Dīkṣā, practised the Guṇarayaṇa austerity, observed asceticism for 16 years and after a month's Santhārā (giving up food and water) on Vipula mount, was born in the celestial abode named Jayanta with a life of 32 Sāgars. After one more birth he will get salvation. अणुत्त० १, ३;

उवयोग. पुं० (उपयोग) पोताना विषयने जाणवाने ते तरफ लक्ष आपवुं ते; शब्दादि विषय तरफ इंद्रियनी प्रवृत्ति-व्यापार. अपने विषयको समझनेके लिये उस तरफ लक्ष देना; शब्दादि विषयों की ओर इन्द्रियों का झुकाव-व्यापार. Operation of the senses in cognising their objects; e. g. of the ear in relation to sound; straining of the senses towards their objects. विशे० २०६८; (२) पांच ज्ञान त्रण अज्ञान अने चार दर्शन ए बारमांनुं गमे ते एक. पांच ज्ञान, तीन अज्ञान तथा चार दर्शन इन में से कोई भी एक. any one of the group of the twelve, viz. 5 kinds of knowledge (Jñāna), 3 kinds of ignorance (Ajñāna) and 4 kinds of belief (Darśana) उत्त० २८, १०; विशे० ३१०६; -**इया.** स्त्री० (-अर्थता) उपयोगपणुं; उपयोगनी अपेक्षा. उपयोग लगाने की अपेक्षा; उपयोगपन; उपयोगिता. State of being Upayoga; desire for Upayoga. (q. v.) भग० ८, ५;

√ **उव-रम** धा० I. (उप+रम्) निवर्तवुं; अटकवुं. दूर होना; रुकना. To cease; to stop; to desist from.

उवरमइ. भग० १, ८; नाया० १८;

उवरम. पुं० (उपरम—उपरमणमुपरमः) अभाव; निवृत्ति. अभाव; निवृत्ति. Absence; cessation; desisting from. विशे० ६२;

उवरय. त्रि० (उपरत) पापथी निवृत्ति पामेल. पाप से हटा हुआ; छुटकारा पाया हुआ. (One) who has desisted from sin. आया० १, ३, ४, १२१; १, ४, १, १२६; दस० ८, १२; उत्त० ६, ७; नाया० १; ६; भग० ८, १०; सूय० २, १, ५६; वव० ३, ११, कप्प० ४, ६२; क० गं० ६, १०; (२) वेरभाव विनानो. वेरभाव रहित. free from feelings of hostility. "न हणेपाणिणोपाणे, भयवेराउउवरए" उत्त० ६, ७; आया० १, ३, १, १०८;

उवराग. पुं० (उपराग) ग्रहण. ग्रहण; खग्रास. An eclipse. जीवा० ३, ३;

उवरिं. अ० (उपरि) उपर; उंचे. ऊपर; ऊंचा; ऊर्ध्व भाग में. Above; upon; upwards. "मंदरचूलियाओ उवरिं चत्तारि जोयणाइं" ठा० ४; उत्त० ३६, ५७

विशे० ४३०; नाया० १; २: ५; ८; ६: जं० प०१, ३; भग० २, ८, ६, ७; १४, ६; १६, ६; पिं० नि० भा० ३०; क० गं० १, ५०; क० प० ५, ५४;

उवरिं. अ० (उपरि) ઉપર. ऊपर. Upon; above; over. क० प० १, ६७; जं० प० ५, ११६;

उवरिच्चर. त्रि० (उपरिचर) આકાશમાં અધર રહેનાર ऊपर आकाश में-अंतराल में रहने वाला Remaining, situated up in the sky; high in the sky. जीवा० ३, १;

उवरितल. त्रि० (उपरितल) ઉપરનું તલીયું ऊपर का सपाट भाग. The above plat surface. भग०१,६; जं०४, ८६;

उवरिपुंछणी. स्त्री० (उपरिपुञ्छनी) સાદડીની છત ઉપર ઝીણા તરણાનું મજબુત આચ્છાદન. चटाई की छत पर बारीक घास का पक्का आच्छादन. A strong covering (made of straws) upon a mattress ceiling. राय० १०८;

